卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 147 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦3 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कलयुगी पुत्र ने किया पिता का कत्ल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शांतिपुरी नंबर एक में देर रात कलयुगी पुत्र ने शराब के नशे में पिता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक पूर्व सैनिक था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।





जानकारी के मुताबिक शांतिपुरी नंबर एक में पूर्व सैनिक दीवान गिरी अपने परिवार के साथ रह रहा था। उसका पुत्र भजमन गिरी नरेश का आदी है। बताया जाता है कि भजमन अकसर शराब पीकर घर में झगड़ा करता था। बृहस्पतिवार रात को भी वह शराब पीकर घर आया और घर में झगड़ा करने लगा। इस दौरान बीच बचाव के लिए जब पिता दीवान (शेष पृष्ठ सात पर)

## सितारगंज में बदमाशों का तांडव

### परिवार को बंधक बनाकर 14 तोला सोना और एक लाख की नगदी लूटी

सितारगंज(उद संवाददाता)। घर में सो रहे मकान स्वामी एवं परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि बहु ने बैड के नीचे छिपकर अपने आप मकान में बृहस्पतिवार की रात साढ़े 12 बजे बदमाशों ने धावा बोल दिया। उन्होंने



जगाकर बदमाशों ने लाखों रुपए के आभूषण एवं नकदी लूट ली। बदमाशों ने मकान स्वामी के 2 पुत्र और पत्नी को को बचाया। घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है। पीलीभीत मार्ग के ग्राम गोविंदपुर में ओमप्रकाश के मकान स्वामी एवं परिजनों को बंधक बनाकर एवं उनके मुंह पर टेप चिपका कर घटना को अंजाम (शेष पृष्ठ सात पर)

## अफीम के साथ पीआरडी का पूर्व जवान गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। लाखों रुपयों की अवैध अफीम के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़ा गया नशा कारोबारी पूर्व पीआरडी का जवान बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक उपनिरीक्षक कपिल कंबोज व दीपक जोशी हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान प्रतापपुर चौकी क्षेत्र में सैनिक कॉलोनी स्थित पुलिया के पास से होकर होंडा मोटरसाइकिल संख्या यूपी 15 जी/4267 सवार एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर रोक लिया। पुलिस को देख कर युवक बाइक छोड़कर भागने लगा। इस दौरान पुलिस टीम ने दौड़ाकर उसे दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम शिवलालपुर अमर झंडा, पुलिस चौकी पैगा, थाना आईटीआई निवासी सतविंदर सिंह पुत्र कुंवर पाल सिंह बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 900 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद अफीम की कीमत लगभग डेढ़ लाख से अधिक आंकी जा रही है। पुलिस की कड़ी पूछताछ में (शेष पृष्ठ सात पर)



### आईएएस का बहनोई पूर्व में भी जा चुका है जेल

काशीपुर। लाखों की अवैध अफीम के साथ पकड़ा गया नशा कारोबारी एक आईएएस अफसर का बहनोई बताया जा रहा है।लगभग एक वर्ष पूर्व उसने आईएएस अफसर की बहन से प्रेम विवाह कर लिया था। इससे पूर्व वह इसी आईएएस अफसर की गाड़ी चलाता था। वर्ष 2020 में धारा 354/506 के एक मामले में आईटीआई थाने से उसे जेल भी भेजा गया था। इन दिनों वह बजाज फाइनेंस में कार्यरत बताया जा रहा है।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने पर हंगामा

रुड़की (उद संवाददाता)। असमाजिक तत्वों ने झबरेड़ा थाना क्षेत्र के भिस्ती पुर गांव में संत रविदास मंदिर में घुसकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे लोगों में रोष है। घटना की जानकारी मिलने पर भीम आर्मी के कार्यकर्ता भड़क गये उन्होंने जमकर हंगामा काटा और मूर्ति तोड़ने वालों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। जानकारी के मुताबिक भिस्तीपुर गांव में संत रविदास का मंदिर है। मंदिर परिसर में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडर की मूर्ति भी लगी थी। रात्रि में कुछ असमाजिक तत्वों ने मूर्ति (शेष पृष्ठ सात पर)



## खाद्य विभाग ने मारे छापे, दुकानदारों में मचा हड़कम्प

रामनगर (उद संवाददाता)।होली पर मिलावटखोरी करके जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कई स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। विभाग की इस कार्रवाई



की भनक लगते ही कई मिलावट खोर अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर मौके से भाग गए। शुक्रवार को जिला अभिहीत अधिकारी संजय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनगर नंदकिशोर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महानगर कांग्रेस कमेटी व महिला कांग्रेस ने रसोई गैस के दामों में भारी वृद्धि व् बढ़ती महंगाई के खिलाफ डी डी चौक पर हाथों में खाली सिलेण्डर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया।इस मौके पर महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि प्रदेश सरकार महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हुई है । रसोई गैस में बेतहाशा वृद्धि कर दी है जहां पहले कांग्रेस की सरकार में घरेलू गैस की कीमत 400 सिलेंडर होती थी आज वह बढ़कर 1150 हो चुकी है और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2000 पार कर गई है और सब्सिडी भी पूरी तरीके से बंद हो चुकी है। भाजपा सरकार से आम जनता तंग हो चुकी है।पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि आज महंगाई चरम सीमा पर है और हमारे देश के मुखिया चैन की बंसी बजा रहे हैं ।श्रीमती शर्मा ने कहा कि महंगाई की वजह से महिलाओं के घर का बजट बिगड़ चुका है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओ से वादा किया था कि वह देश की महिलाओं को चूला फुकने से आजादी दिलाएंगे लेकिन आज महिलाएं गैस महंगी होने की वजह से फिर से चूला फुकने को मजबूर हो गई है। सिलेण्डर महंगा होने की वजह (शेष पृष्ठ सात पर)



## चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाईक सवार एक नशा तस्कर को अवैध चरस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मी चैकिंग करते नगला रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। जहां एक व्यक्ति अचानक उन्हें देखकर अपनी मोटरसाईकिल से रेलवे स्टेशन से बाहर को जाने लगा। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे मोटरसाईकिल सहित पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता वंशीधर जोशी पुत्र लीलाधर जोशी निवासी भरतपुर डाम शांतिपुरी नंबर 2 बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पन्नी में लिपटी 42 ग्राम चरस व एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## उधमसिंह नगर जिले की फॉयर सेफ्टी खतरे में

### 1102 अनिवार्य फॉयर एन.ओ.सी. उद्योगों द्वारा नहीं ली गयी, आरटीआई से हुआ खुलासा

काशीपुर (उद संवाददाता)।वर्ष 2018 से 2022 तक उधमसिंह नगर जिले के 6 फायर स्टेशन क्षेत्रों में 1102 अनिवार्य अग्निशमन विभाग की एन.ओ.सी. उद्योगों/प्रक्रिया चलाने वालों ने नहीं ली है। वर्ष 2022 में 3 दिसम्बर तक ऐसी एन.ओ.सी. न लेने वालों की संख्या 265 है। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को जिला मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी/पुलिस अधीक्षक नगर मनोज कुमार कत्याल द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से उत्तराखंड में अग्निशमन सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न सूचनायें मांगी थी। इसे उधमसिंह नगर जिला मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी को हस्तांतरित होने पर लोक सूचना अधिकारी/पुलिस अधीक्षक नगर रूद्रपुर मनोज कुमार कत्याल ने अपने पत्रांक 643 के साथ मुख्य अग्निशमन अधिकारी उधमसिंह नगर वंश बहादुर यादव द्वारा दिनांकित 03 दिसम्बर 2022 के साथ उपलब्ध विवरणों की प्रति उपलब्ध करायी है।श्री नदीम को उपलब्ध करायी गयी सूचना के विश्लेषण के अनुसार उधमसिंह नगर जिले के 6 फायर स्टेशनों के क्षेत्रान्तर्गत वर्ष 2018 से 2022 (सूचना उपलब्ध कराने तक) कुल 1102 उद्योगों/प्रक्रिया चलाने वालों ने अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अनिवार्य एन.ओ.सी. प्राप्त नहीं है। इसमें सर्वाधिक 702 रूद्रपुर, दूसरे स्थान पर 138 पन्त नगर तथा तीसरे स्थान पर 109 काशीपुर फायर स्टेशन क्षेत्रान्तर्गत है। इसके अतिरिक्त जसपुर क्षेत्र के 56, खटीमा के 24 तथा सितारगंज के 73 उद्योग/प्रक्रिया चलाने वाले शामिल है। श्री नदीम को उपलब्ध वर्ष वार विवरण के अनुसार वर्ष 2018 में ऐसे एन.ओ.सी. न लेने वालों की संख्या 128, वर्ष 2019 में 164, वर्ष 2020 में 205, वर्ष 2021 में 340 तथा वर्ष 2022 में 03 दिसम्बर तक 265 रही है। वर्ष 2018 में कुल 128 में रूद्रपुर के 75, जसपुर के 7, पंतनगर के 20, काशीपुर के 6, खटीमा के 4, सितारगंज के 16 उद्योग शामिल है। वर्ष 2019 में कुल 164 फायर एन.ओ.सी ने लेने वालों में रूद्रपुर के 94, जसपुर के 4, पन्तनगर के 30, काशीपुर के 15, खटीमा के 5, सितारगंज के 16 (शेष पृष्ठ सात पर)

**रस्म पगड़ी**



बड़े दु:ख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारी पूज्य माताजी **श्रीमती ऊषा शर्मा** पत्नी स्व. मोहन लाल शर्मा जी का स्वर्गवास दिनांक 01 मार्च 2023 को हो गया है जिनकी आत्मा की शांति के लिए **रस्म पगड़ी दिनांक 04 मार्च 2023 दिन शनिवार** दोपहर 1 बजे से 2 बजे **सिटी क्लब, रूद्रपुर** में संपन्न होगी।

-शोकाकुल परिवार-

राजीव शर्मा, मीनाक्षी (पुत्र-पुत्रवधू) डा. पी.के शर्मा-अन्नू (पुत्र-पुत्रवधू)
यशदीप, मुस्कान (पोता-पोती) डा. संजीव शर्मा-रूपा (पुत्र-पुत्रवधू)
पुत्रियां एवं समस्त परिवार

प्रतिष्ठान: रिद्धि सिद्धि फिलिंग स्टेशन, जाफरपुर
मो. 9837145770, 7456934250

# महिला हिंसा और बाल विवाह की सूचना देने वाले को मिलगा दस हजार का पुरस्कार : सीएम

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया








देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार महिलाओं व बच्चों के प्रति हिंसा और बाल विवाह की सूचना देने एवं इसे रोकने का प्रयास करने वालों को सम्मानित करेगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के तहत महिला सशक्तीकरण एवं सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसकी घोषणा की। सीएम ने कहा हम उस संस्कृति के साधक हैं, जहां पुरुष की परिकल्पना नारी के बिना अधूरी मानी जाती है। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाली मानसिक और शारीरिक हिंसा की घटनाओं को सक्षम स्तर पर सूचित करते हुए रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को महिला सुरक्षा प्रहरी के रूप में जाना जाएगा। सरकार की ओर से ऐसे व्यक्ति या समूह को विशेष अवसरों पर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा समाज की कुरीति, बाल विवाह की पूर्वसूचना पुलिस को देने वाले या रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति या संस्था को दस हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इन कार्यों में विशेष योगदान देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा सीएम ने कहा किसी समाज या राज्य की रीढ़, उसकी सशक्त महिलाएं हैं। यदि किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है, उसे कोई रोक नहीं सकता। उत्तराखंड के निर्माण में महिलाओं ने अपना विशेष योगदान दिया है। एक ओर जहां प्रदेश की मातृशक्ति ने पूरे समाज को विपरीत परिस्थितियों में जीना सिखाया, जूझना सिखाया, वहीं दूसरी ओर हर परिस्थिति में जीतना भी सिखाया है। राष्ट्र-निर्माण में महिलाएं, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अहम भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा अब समय आ गया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मन में भय पैदा किया जाए। ऐसे लोगों को ऐसा दंड मिले कि ऐसा घृणित अपराध करने से पहले इसके परिणाम के बारे में सोचकर उनकी रूह कांप जाए। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास के ई-पेपर 'अपनी वाणी' का शुरुआत किया एवं महिलाओं की आत्मरक्षा पर बनी लघु फिल्म का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह को रोकने एवं सामाजिक सरोकारों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए विभाग की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है। एकल महिलाओं को भी सशक्त करने की जरूरत है। सरकार ने इसके लिए योजना शुरू करने का संकल्प लिया है। मंत्री ने कहा महिला सशक्तीकरण एवं सुरक्षा सप्ताह के तहत विभाग की ओर से पूरे सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक दुर्गेश्वर लाल, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव एचसी. सेमवाल, विशेष सचिव रिद्धिम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# कैबिनेट की बैठक में अगले वित्तीय वर्ष के लिए 79 हजार करोड़ स्वीकृत

देहरादून । प्रदेश सरकार 13 मार्च से चमोली के गैरसैंण के भराड़ीसैंण में प्रारंभ हो रहे बजट सत्र में अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लगभग 79 हजार करोड़ का बजट प्रस्तुत करेगी। मंत्रिमंडल ने गुरुवार को इस बजट प्रस्ताव के साथ राज्यपाल के अभिभाषण को स्वीकृति दी। धामी सरकार ने बीते माह जून में चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 65571.49 करोड़ का बजट विधानसभा से पारित कराया था। बीते दिसंबर माह में विधानसभा ने 5300 करोड़ राशि का अनुपूरक बजट पर मुहर लगाई थी। अब अगले वित्तीय वर्ष के बजट को विधानसभा से पारित कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार मंत्रिमंडल की बैठक में वित्त विभाग की ओर से बजट प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण किया गया। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए नए बजट को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में अनुपूरक समेत लगभग 71 हजार करोड़ की कुल बजट राशि की तुलना में नए वित्तीय वर्ष के बजट में 8000 करोड़ की वृद्धि की गई है। बजट राशि में यह वृद्धि पूंजीगत मद में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी। नए बजट में प्राथमिक क्षेत्र कृषि, उद्यान, पशुपालन पर सरकार अधिक ध्यान देने जा रही है। प्राथमिक क्षेत्र को वरीयता देते हुए ग्रामीण आर्थिकी को सशक्त करने और पलायन रोकने के लिए आधुनिक तकनीकी की सहायता से खेती, प्राकृतिक व जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही कृषि उपज के लिए आपूर्ति और विपणन की व्यवस्था बनाने में सरकार की ओर से नए बजट में कदम उठाए जाएंगे, ताकि रोजगार का भी अधिक सृजन हो सके। धामी सरकार अगले वित्तीय वर्ष में हरित शहरों के विकास को अपनी वरीयता में सम्मिलित कर रही है। आधुनिक प्रौद्योगिकी को हर क्षेत्र में प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान देने जा रही है। नए बजट में इसकी स्पष्ट झलक मिलेगी। वहीं पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए पुराने वाहनों का स्थान लेने के लिए ई-वाहन नीति के लिए बजट में प्रविधान किए गए हैं। मंत्रियों और उच्चाधिकारियों को भी नए वाहनों के लिए बजट में वित्तीय व्यवस्था की जा रही है। सूत्रों के अनुसार नए बजट को विधानसभा में प्रस्तुत करने से पहले इसमें परिवर्तन किया जा सकेगा। वहीं राज्यपाल अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से विवरण दिया गया है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। 15 मार्च को नया बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार के लिए 17 शिक्षकों और शिक्षिकाओं का चयन

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 के शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार के लिए 17 शिक्षकों का चयन किया है। इनमें छह शिक्षिकाएं हैं। प्रारंभिक से 10, माध्यमिक से छह शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह पुरस्कार मिलेगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर के प्रवक्ता डा शैलेंद्र सिंह धपोला को भी यह पुरस्कार मिला है। देहरादून जिले से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोईवाला की सहायक अध्यापिका ऊषा गौड़ और माध्यमिक में राजकीय इंटर कालेज क्वानू, चकराता के प्रवक्ता संजय कुमार मौर्य पुरस्कृत किए जाएंगे। प्रारंभिक शिक्षा में पौड़ी जिले से राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कोटलमंडा, द्वारीखाल की प्रधानाध्यापिका आशा बुड़कोटी, उत्तरकाशी से राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय बड़थी, चिन्यालीसौड़ के प्रधानाध्यापक संजय कुमार कुकसाल को शैलेश मटियानी पुरस्कार मिलेगा। हरिद्वार जिले के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रोशनाबाद के प्रधानाध्यापक संजय कुमार, टिहरी जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय उलाणा, कीर्तिनगर के प्रधानाध्यापक उत्तम सिंह राणा, चंपावत से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बिसारी के सहायक अध्यापक रवीश चंद्र पंचौली, बागेश्वर से राजकीय जूनियर हाईस्कूल पिंगलो के सहायक अध्यापक सुरेश चंद्र सती पुरस्कार के लिए चुने गए। पिथौरागढ़ से राजकीय प्राथमिक विद्यालय भट्टीगांव, बेरीनाग की प्रधानाध्यापिका गंगा आर्या, अल्मोड़ा से राजकीय जूनियर हाईस्कूल पौड़ा कोठार, ताड़ीखेत की सहायक अध्यापक यशोदा कांडपाल और नैनीताल से राजकीय प्राथमिक विद्यालय धुलई, भीमताल की प्रधानाध्यापिका डा आशा बिष्ट को पुरस्कार मिलेगा। माध्यमिक में उत्तरकाशी के राजकीय आदर्श कीर्ति इंटर कालेज के प्रवक्ता लोकेंद्रपाल सिंह परमार, पिथौरागढ़ से अटल उत्कृष्ट एसएसएसडीडीजे राजकीय इंटर कालेज बड़ाबे की सहायक अध्यापक दमयंती चंद, बागेश्वर के जेएस माजिला स्मारक राजकीय इंटर कालेज कांडा के प्रवक्ता त्रिभुवन चंद लोबियाल पुरस्कृत किए जाएंगे। अल्मोड़ा से राजकीय इंटर कालेज स्यालीधार के प्रवक्ता डा प्रभाकर जोशी एवं ऊधमसिंहनगर से राजीव गांधी नवोदय विद्यालय खटीमा के प्रवक्ता निर्मल कुमार न्योलिया पुरस्कार के लिए चयनित हुए हैं।

# रुद्रपुर में शरणार्थियों को पट्टे की जमीन पर मिलेगा मालिकाना हक

## सरकारी भूमि पर 40 से 50 साल पुराने अतिक्रमण और अवैध कब्जों को नियमित करने पर विचार

देहरादून। उत्तराखंड में ऊधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर में 1971 से पहले पूर्वी पाकिस्तान से आए शरणार्थी परिवारों को पट्टे की भूमि पर मालिकाना हक मिलेगा। मंत्रिमंडल की बैठक में इसके लिए उत्तराखंड (सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 (अधिनियम संख्या -15 वर्ष, 1895) में राज्य के परिप्रेक्ष्य में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। ऊधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर में पूर्वी पाकिस्तानी (वर्तमान बांग्लादेश) से वर्ष 1971 से पहले आए शरणार्थियों को पुनर्वास योजना के तहत पट्टे की जमीन दी गई थी। इसी तरह बेरली में भी इस तरह के लोगों को पट्टे की जमीन दी गई। खेती के लिए सरकारी अनुदान अधिनियम, 1895 के अधीन जिला पुनर्वास कार्यालय, बरेली और जिला पुनर्वास कार्यालय, रुद्रपुर (पूर्ववर्ती जिला नैनीताल) वर्तमान जिला ऊधमसिंहनगर में भूमि पट्टे पर आवंटित की गई। पूर्ववर्ती विजय बहुगुणा सरकार में इन्हें पट्टे पर मिली जमीन पर मालिकाना हक दिए जाने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन रुद्रपुर में इस भूमि पर बसे लोगों को इसके बाद भी भूमि पर मालिकाना हक नहीं मिल पाया जबकि बरेली में बसे शरणार्थी परिवारों को मालिकाना हक मिला। अब सरकार की ओर से अनुदान अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। प्रदेश स्तर पर नगर निकायों के विस्तार से भू-राजस्व अधिनियम के तहत राजस्व विभाग से किए जाने वाले दाखिल-खारिज की कार्रवाई बाधित हुई हैं, जिस कारण प्रदेश में आमजन को हो रही कठिनाईयों, भूमि विवादों की बढ़ती संख्या एवं भू-राजस्व में आई कमी को देखते हुए इसके लिए संबंधित एक्ट में बदलाव किया गया है। इससे नए शामिल क्षेत्रों में भी निगम दाखिल खारिज कर सकेंगे। इससे समस्या के समाधान के साथ ही भू-राजस्व में भी वृद्धि होगी। वहीं प्रदेश सरकार अपनी अलग-अलग प्रकार की भूमि पर 40 से 50 साल पुराने अतिक्रमण व अवैध कब्जों को नियमित करने पर विचार करेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंत्रिमंडलीय उपसमिति बनाने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और सौरभ बहुगुणा ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रदेश सरकार की अलग-अलग श्रेणी की भूमि पर लोगों ने कब्जे कर लिए हैं। वन भूमि पर भी बड़ी संख्या में अतिक्रमण हो चुका है। ज्यादातर स्थानों पर लोगों को सरकारी भूमि पर 40 से 50 साल हो चुके हैं। कई शहरों व नगरों में बाजार लीज की भूमि पर चल रहे हैं। सरकारी भूमि पर बने भवनों में बिजली, पानी समेत सभी बुनियादी सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। इसलिए अब यह आवश्यक है कि सरकार की इस भूमि पर कब्जों को नियमित करने की योजना के बारे में विचार होना चाहिए। इससे सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने इस सुझाव पर एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति बनाने के निर्देश दिए।

## मलिन बस्तियों के लोगों के लिए पीपीपी मोड में आवासीय भवन बनेंगे

देहरादून। उत्तराखंड की जिन 582 मलिन बस्तियों के 11 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने घर का लाभ नहीं मिल पाया, अब उनका विकास राज्य सरकार करेगी। कैबिनेट ने इस पर खर्च होने वाले बजट के लिए प्रावधान कर दिए हैं। पीएम आवास योजना शहरी में यह प्रावधान किया गया था कि मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए पीपीपी मोड में आवासीय भवन बनेंगे। लेकिन योजना की अवधि में कोई भी प्रस्ताव नहीं आया। केंद्र सरकार ने योजना की अवधि बढ़ाई तो मलिन बस्तियों का यह प्रावधान हटा दिया। अब राज्य सरकार ने इस बस्तियों के पुनरोद्धार की योजना बनाई है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नगर निगम देहरादून ने एक मलिन बस्ती के विकास के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया था लेकिन इसके लिए बजट की राह नहीं निकल पा रही थी। अब सरकार ने तय किया है कि विकास प्राधिकरणों में नक्शा पास करने के लिए वसूले जाने वाले विकास शुल्क का 10 प्रतिशत हिस्सा अब हर साल मलिन बस्तियों के विकास पर खर्च किया जाएगा। इस फैसले का लाभ सबसे पहले नगर निगम के प्रोजेक्ट को मिल सकता है। विकास शुल्क से मिलने वाली धनराशि का पूरा वितरण, व्यय और सुनवाई से संबंधित कार्रवाई मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी।

ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Price | Time | Quality
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में गदरपुर में निकलेगी विशाल रैली

गदरपुर(उद संवाददाता)। देश को हिन्दू राष्ट्र का दर्जा देने की मुहिम चलाने वाले बागेश्वर धाम के महंत बाबा धीरेंद्र शास्त्री को समर्थन एवं हिन्दू नव संवत्सर के शुभारंभ को लेकर नगर क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों की एक बैठक भाजपा गदरपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष चंकित हुडिया के आवास विकास स्थित आवास पर आयोजित की गई। बैठक में पहुंचे विधायक अरविंद पांडेय ने बताया कि बागेश्वर धाम के महंत बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लेते हुए देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए मुहिम शुरू की है। उनकी मुहिम को राष्ट्र विरोधी ताकतें कमजोर करने में जुट गई हैं, जिसका सबको मिलकर समर्थन करना है। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अरविंद पांडेय ने बताया कि हिन्दू नव संवत्सर के शुभारंभ अवसर और बागेश्वर धाम के महंत बाबा धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में नगर में एक विशाल रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि विशाल रैली 12 मार्च दिन रविवार को प्रातः 10 बजे राजकीय इंटर कॉलेज से शुरू होकर श्री सनातन धर्म मंदिर गदरपुर पहुंचकर समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों को अधिक से अधिक संख्या में विशाल रैली में सहभागिता करनी है। बैठक में विभिन्न धार्मिक संगठनों से पहुंचे प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में श्री पुरातन शिव मंदिर के अध्यक्ष जयकिशन अरोरा, सुनील जैन, परवीन भगत, श्री सनातन धर्म मंदिर से अजय खेड़ा, लेखराज नागपाल, अनाज मंडी रामलीला कमेटी से अशोक धीर, श्री पुरातन सनातन धर्म मंदिर से अजीत भुसरी, शिव मंदिर रामलीला कमेटी से राजेश गुम्बर मिन्नी, अंकुश अनेजा, श्री बाला जी जागरण मंडल के महंत जितेंद्र दूबे, श्री शिव पार्वती रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रेम सचदेवा, रमन छाबड़ा, राकेश भुड्डी, उत्तरांचल पंजाबी महासभा से संजीव झाम, युवा अध्यक्ष पारस धवन, सती मठ मंदिर के अध्यक्ष इंद्रजीत डाबर, मदन ढींगड़ा, मंडी समिति के अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष पंकज सेतिया, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख टिप्सन नरूला, श्रीराम मंदिर के संस्थापक दीपिन सुखीजा, पंडित भीष्म दत्त शर्मा, सन्नी बत्रा, विजय अनेजा, सुभाष ठुकराल, समन मुंजाल, बाबूलाल शर्मा, परवीन गिल्होत्रा, राजेश अग्रवाल, राजेश सक्सेना, सुरजीत सिंह सोनू, निर्मल दास, दीपक हुडिया, योगेश माटा, अंकित हुडिया, अरुण ठुकराल एवं गोल्डी चावला आदि मौजूद थे।



# होली पर शांति व्यवस्था के लिए बुलाई अमन कमेटी की बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता)।होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना परिसर में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोगों की एक अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी होली पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखे जाने के लिए सभी सहयोग करें उन्होंने यातायात व्यवस्था के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा जो होली त्यौहार मना रहा है उसी के साथ रंग लगाकर होली खेली जाए जो जो इस त्यौहार में शामिल नहीं है उस पर रंग डालना उचित नहीं है उन्होंने किसी भी प्रकार के नशे को करके हुड़दंग मचाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी वही गणमान्य ने अपनी सहमति देते हुए व्यवस्था में सहयोग दिए जाने की बात कही। इस मौके पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों के अलावा उप निरीक्षक ओमप्रकाश,डॉ. आरके महाजन ,सतनाम कंबोज, गोपाल सिंह, शमीम अहमद, छेदा लाल ,ओम प्रकाश सैनी, रावण काल ,अभिषेक, विकास होरीलाल, कुंवर सिंह ,अमरीक सिंह, राजकुमार नव्यर, मुकेश कुमार , विशु अरोरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# प्राविरामबाग में मनाया श्रवण दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता)।राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामबाग में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम गदरपुर की टीम द्वारा विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। टीम प्रभारी डॉ विकास सचान द्वारा बताया गया की विश्व श्रवण दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। श्रवण दिवस का उद्देश्य बहरेपन को रोकना एवं श्रवण संबंधित बीमारियों परेशानियों एवं रोगों की रोकथाम एवं श्रवण देखभाल को बढ़ावा देने एवं जागरूकता प्रदान करने हेतु मनाया जाता है। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट के एन जोशी , प्रधानाध्यापिका शाहिदा परवीन, शिक्षक गुरुपद हालदार ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ती कनक बाला एवं रिता मलिक, आंगनवाड़ी सहायिका बीना राय तथा शिवपद ,रेनू मलिक, प्रतिभा, दीपिका, प्रियंका आदि अभिभावक भी उपस्थित रहे।




# 101 ध्वज के साथ निकाली श्याम बाबा की निशान यात्रा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम गुणगान महोत्सव से पहले नगर में खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा आयोजित की गई। इसमें बाबा के भक्त 101 निशान ध्वज थामें महिलाएं एवं पुरुष बाबा के गुणगान गाते हुए चल रहे थे। बाबा के सैकड़ों भक्तों ने निशान यात्रा में प्रतिभाग किया। नगर के मां जगदंबा मंदिर से श्री खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा आयोजित की गई। 101 ध्वज के साथ महिलाएं एवं पुरुष बाबा के गुणगान गाते हुए चल रहे थे। इस दौरान शयम बाबा की भक्ति गीतों में सरोवर भक्तों ने रंग अमीर गुलाल खेलते हुए बाबा के जयकारे लगाए। नानकमत्ता बाबा श्याम के जयकारों के वातावरण से गुजमान हो गया। नगर में जगह जगह निशान यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया और मिष्ठान वितरण किया गया। बाबा के भक्त ध्वज लिए बाबा के भजनों की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। निशान यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए मां जगदंबा मंदिर वापिस पहुंची। इधर मां जगदंबा मंदिर के पुजारी जग प्रवेश वक्त ने बताया कि तीन मार्च रात्रि श्री खाटू श्याम बाबा का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर पंडित जग प्रवेश ले वत्स, विनोद रस्तोगी, राघव वत्स, मनीष रस्तोगी, राजकुमार अरोरा, शिवकुमार मनोज गर्ग विराट गोयल, प्रमोद



अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मनीष रस्तोगी प्रताप सक्सेना रेखा गंगवार, लक्ष्मी रस्तोगी, राधे वत्स, मंजू सक्सेना रामवती सक्सेना, आदि भक्त मौजूद थे।

# फागोत्सव में बिखरे होली के रंग

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। संस्कृति विभाग तथा महिला सशक्तीकरण बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मल्ला महल में महिला/पुरूष होली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपरजिलाधिकारी सी0एस0 मर्तोलिया द्वारा किया गया। बाल विकास विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला सुरक्षा सप्ताह के रूप में 1 मार्च से 6 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 'होली के रंग बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के संग' थीम पर फागोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा भी सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। इस कार्यक्रम में तहसीलदार सदर कुलदीप पाण्डे, निदेशक राजकीय संग्रहालय सी0एस0 चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीताम्बर प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

# आरटीओ कार्यालय में इंश्योरेंस के नाम पर हो रहा फर्जीवाड़ा

## टू व्हीलर के इंश्योरेंस पर चल रहे ट्रक व डंपर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संभागीय परिवहन कार्यालय हल्द्वानी में ट्रक व डम्पर वाहनों के इंश्योरेंस के नाम पर बहुत बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा सामने आया है। परिवहन विभाग ने इंश्योरेंस मामले में फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए 528 वाहनों को अब तक चिन्हित किया है। जिनका एक बड़ी बीमा कंपनी द्वारा फर्जी तरीके से इंश्योरेंस करवाया गया है। इन ट्रक व डम्पर वाहनों का इंश्योरेंस करवाने के दौरान टू व्हीलर दिखा कर इंश्योरेंस कंपनियों के एजेंटों ने फर्जीवाड़ा का खेल किया है। संभागीय परिवहन अधिकारी हल्द्वानी संदीप सैनी ने बताया कि शिकायत मिल रही थी कि कामर्शियल वाहनों को कुछ इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा टू व्हीलर दर्शा कर फर्जी बीमा करने का खेल खेला गया है। जिसकी उन्होंने जांच कराई। इस दौरान हल्द्वानी आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत कामर्शियल वाहनों के इंश्योरेंस की डिटेल मांगी गई। जिसमें पता चला कि एक बड़ी बीमा कंपनी द्वारा 528 कामर्शियल वाहन को टू व्हीलर दिखा कर इंश्योरेंस किया गया है। यही नहीं परिवहन विभाग ने दो अन्य इंश्योरेंस कंपनी से भी इसकी जानकारी मांगी, लेकिन उन कंपनियों द्वारा इसकी जानकारी नहीं दी गई। संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप कुमार सैनी के मुताबिक फर्जी तरीके से कराए गए बीमा वाले इन सभी वाहनों के रजिस्ट्रेशन को रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। इन सभी वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस जारी होने के बाद उनकी रजिस्ट्रेशन, फिटनेस और इंश्योरेंस रद्द की कार्रवाई की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर फर्जीवाड़ा करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया जाएगा। प्रथम दृष्टया में पाया गया कि इंश्योरेंस करने के दौरान इन वाहनों को टू व्हीलर दिखा कर इंश्योरेंस किया गया और परिवहन विभाग के पोर्टल पर अपडेट किया गया है। उन्होंने कहा इंश्योरेंस कंपनियों ने भी अब फर्जी तरीके से कराए गए इंश्योरेंस वाहनों को अपने वेबसाइट से रिजेक्ट कर दिया है। सभी परिवहन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वाहनों का इंश्योरेंस करने वाली सभी कंपनियों से डिटेल मांग कर इसकी जांच करें। दो कंपनियों ने डिटेल देने से मना कर दिया है, उनके खिलाफ नोटिस जारी किया जा रहा है। एजेंटों और वाहन स्वामियों के बीच मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े के काम को अंजाम दिया जा रहा है।

# सिलेंडर के रेट बढ़ाकर सरकार ने बेरंग किया होली का त्यौहार: पपनेजा

किच्छा(उद संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में की गई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार उर्फ बंटी पपनेजा ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि होली के त्योहार से ठीक पहले गैस सिलेंडर के मूल्य में वृद्धि करके त्यौहार के रंगों को बेरंग करने का काम किया है। पपनेजा ने कहा कि केंद्र सरकार ने घरेलू सिलेंडर के मूल्य में 50 बढ़ोतरी की है जिसके बाद उपभोक्ता को सिलेंडर खरीदने के लिए 1100 रुपए से अधिक चुकाना पड़ेगा व कमर्शियल सिलेंडर के मूल्य में 300 की बढ़ोतरी की है जिसके बाद उपभोक्ता को कमर्शियल सेंटर खरीदने के लिए 1800 से अधिक का मूल्य चुकाना पड़ेगा। पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता को अब और अधिक महंगाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रसोई गैस के मूल्य में वृद्धि करके केंद्र सरकार ने रसोई व गृहडियो का बजट बिगाड़ कर रख दिया है व आम जनता का चूल्हा जलाना मुश्किल कर दिया है।पपनेजा ने कहां भाजपा की सरकार द्वारा पूर्व में सर्किल रेटो में बेतहाशा वृद्धि की गई थी जिसके विरोध में लगभग 10 दिन से अधिक बीत जाने के बाद भी हड़ताल पर बैठे अधिवक्ताओं की सुध लेने सरकार व प्रशासन की तरफ से कोई भी नहीं गया है न ही बड़े हुए सर्किल रेटो को वापस लिया गया है।पपनेजा ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के गन्ने के मूल्यों में भी कीमत में कोई वृद्धि नहीं की गई है लेकिन पेट्रोल डीजल व खाद के मूल्यों की बढ़ती कीमतों ने किसान की कमर तोड़ के रख दी है।पपनेजा ने कहा कि आम जनता सरकार की जन विरोधी नीतियों को समझ चुकी है आने वाले समय मेंवह इसका जवाब सरकार को देगी।



# बसंतोत्सव के प्रचार वाहन को राज्यपाल ने दिखाई हरी झण्डी

देहरादून(उद संवाददाता)। राजभवन देहरादून में 3 से 5 मार्च तक आयोजित हो रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2023 के विशेष प्रचार वाहन का गुरुवार को राजभवन से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने फ्लैग ऑफ किया। वसंतोत्सव के वृहद प्रचार-प्रसार के लिए फूलों से सुसज्जित यह वाहन पूरे देहरादून शहर में इस महोत्सव का प्रचार-प्रसार करेगा। यह प्रचार वाहन डोईवाला से सेलाकुई सहित संपूर्ण देहरादून शहर में भ्रमण कर पुष्प प्रदर्शनी हेतु लोगों को जानकारी देगा। राज्यपाल ने वसंतोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर यहां पर पुष्प प्रदर्शनी, प्रतियोगिताओं और अन्य कार्यक्रमों का आनंद लें। इस अवसर पर उद्यान निदेशक डॉ. एच.एस.बावेजा, संयुक्त निदेशक डॉ. रतन कुमार, उद्यान अधिकारी दीपक पुरोहित सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2023 का 03 मार्च को प्रातः 11.00 बजे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) उद्घाटन करेंगे। 03 मार्च को दोपहर 1.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक तथा 04 व 05 मार्च को प्रातः 09 बजे से सायं 6.00 बजे तक पुष्प प्रदर्शनी जनसामान्य के लिए खुली रहेगी। 3 दिवसीय आयोजन में 16 मुख्य प्रतियोगिताओं की श्रेणी में कुल 62 उप श्रेणी हैं, जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिये जाएंगे। इस प्रकार कुल 186 पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के उपरान्त दिनांक 05 मार्च, 2023 को विजेताओं को प्रदान किये जाएंगे। इस वर्ष प्रतियोगिता में पहली बार 04 नई श्रेणियां यथा-रूफटॉप गार्डनिंग, बोन्साई, टेरारियम एवं शहद सम्मिलित की गयी हैं। साथ ही अधिक से अधिक पुष्प उत्पादकों को पुरस्कृत करने के उद्देश्य से कट फ्लावर प्रतियोगिता के अन्तर्गत मात्र व्यक्तिगत एवं कृषकों की ही प्रतिभागिता सुनिश्चित की जायेगी।इस वर्ष तिमरू को विशेष डाक आवरण जारी किये जाने हेतु चयनित किया गया है। इस तीन दिवसीय आयोजन में राज्य के लगभग 30 विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें उद्यान विभाग के अतिरिक्त विभिन्न शोध संस्थान/कृषि विश्वविद्यालय/बोर्ड/निगम आदि प्रमुख होंगे। इन विभागों/संस्थानों द्वारा आयोजन में अपना स्टॉल लगाकर अपने विभाग के जनोपयोगी कार्यक्रमों/तकनीकियों का उत्कृष्टता के आधार पर प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।



# पूर्व सैनिक संगठन पिथौरागढ़ के अध्यक्ष ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरूवार को पूर्व सैनिक संगठन पिथौरागढ़ के अध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से पिथौरागढ़ जिले के पूर्व सैनिकों से संबंधित समस्याओं के संबंध में वार्ता की। उन्होंने बताया कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक पिथौरागढ़ में चिकित्सक के कई पद रिक्त हैं। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में नियुक्त चिकित्सकों को अतिरिक्त मानदेय व्यवस्था के लिए अनुरोध किया जिससे चिकित्सक दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हों। इसके अलावा उन्होंने पिथौरागढ़ जिले में लम्बित सैन्य संग्राहलय और सैन्य सभागार के निर्माण का अनुरोध भी किया। अध्यक्ष ने सैन्य छावनी पिथौरागढ़ में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों हेतु एक अलग से नई सीएसडी खोलने हेतु भी अनुरोध किया। राज्यपाल ने इन सभी बिंदुओं पर सेना के अधिकारियों सहित शासन के अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का हर संभव समाधान का प्रयास किया जायेगा।



# ओमेक्स रिविएरा रेजिडेंसल वेलफेयर एसो.की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ओमेक्स रिविएरा रेजिडेंसल वेलफेयर एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमे सभी पदाधिकारियों को विधायक शिव अरोरा ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस मौके पर अध्यक्ष आनंद नेगी,उपाध्यक्ष राकेश चौहान, सचिव अभिनव छाबड़ा, उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, एक्सयूटिव मेम्बर के रूप मे ललित गोयल, गिरीश जोशी,योगेश लाम्बा, सुनील झाबर, अजय अरोरा,गुरप्रीत चिलाना,अश्विनी शर्मा ने शपथ ली। विधायक श्री अरोरा ने सभी नव निर्वाचित कमेटी को बधाई देते हुए कहा कि सोसायटी की जो भी समस्या है उन्हे जल्द ही दूर किया जायेगा। मंच का संचालन विशाल गर्ग ने किया। इस दौरान चुनाव संचालन समिति के सदस्य श्रीकर सिन्हा, चिराग माथुर, रमेश जोशी, राजीव भारद्वाज, विशाल खेड़ा, बरीत सिंह, योगेश वर्मा, माही सकलानी, डा.अनुपमा फुटेला, गौतम कथूरिया, अशोक शर्मा, दीपक सोनी, दिनेश मालू आदि लोग मौजूद रहे।



# सखी सहेली ग्रुप ने महिला दिवस संग मनाया होली मिलन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सखी सहेली ग्रुप के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओ ने होली गायन गाए और नाचते गाते धूम मचाते बहुत ही सुन्दर तरीके से होली मिलन समारोह मानते हुए तरह तरह के गेम्स चुटकुले आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सखी सहेली ग्रुप की संरक्षिका श्रीमती शकुंतला वार्ष्णेय एवं श्रीमती सुचित्रा जायसवाल, अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय, सचिव सुमन वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष खुशबू जायसवाल, शांति जीना, कुसुम दिगारी, विद्या महतोलिया, रवि रोटी बैंक के अध्यक्ष तरुण सक्सेना और ग्रुप के सभी सदस्यों को उनके द्वारा समाज में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ईशिका वाष्णेय और नैंन्सी जायसवाल को भी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षिका सुचित्रा जायसवाल, शकुंतला वार्ष्णेय, अध्यक्ष मंजू वार्ष्णेय, सुमन वार्ष्णेय, खुशबू जायसवाल और ग्रुप की सभी सखियां उपस्थित रही।



# मुख्यमंत्री ने कुमाऊ सेवा समिति चाइल्डलाईन को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं सेवा समिति चाइल्ड लाइन उधम सिंह नगर के द्वारा बालको की देखभाल व सुरक्षा के लिए किए कार्यों, बाल विवाह रोकने, बाल विवाह के प्रति लोगो को जागरूक करने व उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ कर चाइल्ड लाइन केन्द्र समन्वयक शायरा बानो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के ई-पेपर 'अपनी वाणी' का शुभारंभ किया गया एवं महिलाओं की आत्मरक्षा पर बनी लघु फिल्म का लोकार्पण भी किया गया।




# कौशल्या एनक्लेव में मंदिर से होली का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कौशल्या एनक्लेव गंगापुर रोड के मंदिर प्रांगण में होली त्यौहार का प्रारंभ शहर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कॉलोनी की महिलाओं द्वारा मंदिर में रंग चढ़ा कर महिला होली का गायन किया गया। उसके बाद हल्द्वानी से आई कलाकारों की टीम द्वारा सभी प्रकार की होली गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। होली के गीतों की धुन पर उपस्थित सभी कालोनीवासी स्वयं को नाचने से नहीं रोक सके। इस दौरान सारा वातावरण होली के अबीर गुलाल रंगों से अपनी अलग ही छटा बिखेरते नजर आया। होली के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से ललित दुम्का, दिनेश बम, संदीप थपलियाल, पुरन चंद्र पंत, राम सिंह भोज, पूरन सिंह केड़ा, आनंद सिंह केड़ा, रोहित पांडे, नारायण दत्त जोशी, संदीप शर्मा, श्रीमती हेमा गोस्वामी, श्रीमती नेहा पांडे, हेमंत गंगवार, रूपाली चौहान आदि द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी के अलावा अन्य सैकड़ों भक्तजन उपस्थित थे।





# विकास खण्डों में सुरक्षा सैनिक भर्ती कार्यक्रम की तिथियां घोषित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला सेवा योजन अधिकारी आरके पंत ने बताया कि सुरक्षा कार्यों के लिए बेरोजगार युवकों को रोजगाार उपलब्ध कराने के लिए के सभी विकास खण्डों पर तिथिवार सुरक्षा सैनिक भर्ती कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होने बताया कि स्किल इंडिया नई दिल्ली एवं जीडीएक्स इडिण्या लि. नोएडा के संयुक्त तत्वाधान में सुरक्षा कार्यों के लिए चयनित उम्मीदवारों को ट्रैनिंग एकेडमी नोएडा में 15 दिन का प्रशिक्षण उपरान्त स्थायी नियुक्ति देने के लिए शिविर का आयोजन किया जायेगा। जीडीएक्स के डिप्टी कमाण्डेण्ट रामकिशन ने बताया कि विकास खण्ड कार्यालय पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 3:00 बजे तक अलग-अलग विकास खण्डों में भर्ती आयोजित की जाएगी जिसमें तीन विकास खण्डों काशीपुर, बाजपुर व गदरपुर में शिविर आयोजित कर 42 अभियार्थियों का चयन किया जायेगा। जिला सेवा योजन अधिकारी ने बताया कि 3 मार्च 2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय रूद्रपुर, 04 मार्च 2023 को विकास खण्ड कार्यालय सितारगंज, एवं 06 मार्च 2023 को विकास खण्ड कार्यालय खटीमा में आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस भर्ती के इच्छुक अभ्यार्थी जो 10वीं पास उम्र 18 से 45 वर्ष, न्यूनतम ऊँचाई 167 सेमी. और वजन 52 से 95 किग्रा. के बीच हो वही अभ्यर्थी पात्र होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी समस्त दस्तावेजों एवं आधार कार्ड की फोटोकॉपी एवं एक फोटो व फार्म फीस 200 रू0 के साथ निर्धारित तिथि को विकास खण्डों में उपस्थित हों। चयनित अभ्यर्थियों को स्थाई नियुक्ति के साथ वेतनमान 12,000 से 15,000 दिया जायगा। साथ ही पी.एफ, ग्रेच्युटी, बोनस, ई.एस.आई.सी. द्वारा मेडिकल की सुविधा, सालाना वेतन वृद्वि, प्रमोशन आदि सुविधाएं देय होंगी। प्रशिक्षण समाप्ति के बाद जीडीएक्स कम्पनी द्वारा द्वारा ट्रैनिगं प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। भर्ती की अधिक जानकारी के लिए मोबाइल न0( 8318020726, 9667989993 ) पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# कोश्यारी का किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता भगत सिंह कोश्यारी के रूद्रपुर आगमन पर भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आर्क होटल पर फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया उसके बाद गिल रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में भगत सिंह कोश्यारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के आचरण में शुद्धता लानी चाहिए इससे समाज के अंदर अच्छा वातावरण बनता है और नेताओं को भी अपने आचरण को शुद्ध रखना चाहिए और जनता के हितों में ईमानदारी के साथ सेवा करनी चाहिए कोश्यारी जी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह कोश्यारी उत्तराखंड के एक संत हैं राजनीति में भी होने के बावजूद एक संत की तरह ही रहते हैं उन्होंने उत्तराखंड के अंदर भाजपा को खड़ा करने का काम किया और हमारे जैसे असंख्य कार्यकर्ताओं का भी निर्माण किया। शर्मा ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी जी उत्तराखंड ही नहीं पूरे भारत के लोकप्रिय नेता हैं।



# प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार उप सचिव ने पंतनगर एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

रूद्रपुर/पंतनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में प्रस्तावित जी 20 की तैयारियों के दृष्टिगत प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार उप सचिव भारत सरकार विकास श्रीवास्तव ने पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचकर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि मुख्य



सचिव द्वारा तैयारियों के संबंध में स्थलीय निरीक्षण के साथ ही संबंधित अधिकारियों को विभिन्न दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दायित्व देते हुए समय से सभी व्यवस्थाएं दुरस्थ करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह आदि उपस्थित थे।

# सम्मान समारोह में महिलाओं को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच द्वारा आयोजित नारी सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान करना एक सराहनीय कदम है महिलाओं को आगे लाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़कर ही देश ,प्रदेश और समाज का विकास संभव है। उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा ने भाईचारा एकता मंच के नारी सम्मान समारोह में व्यक्त किए उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह भाईचारा एकता मंच के साथ हैं और जब जब मंच को जरूरत होगी तो वह हर समय मंच के साथ खड़े मिलेंगे। हर वर्ष की भांति भाईचारा एकता मंच द्वारा महिला दिवस से पूर्व आयोजित नारी सम्मान समारोह में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता रुद्रपुर ब्लाक की ब्लाक प्रमुख ममता जल्होत्रा द्वारा की गई तथा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीमा अरोड़ा,अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी प्रिया शर्मा रहीं। कार्यक्रम सहित विभिन्न क्षेत्रों की 251 महिलाओं को सम्मानित किया गया इस अवसर पर बाहर से आए कलाकारों द्वारा सुंदर झांकी व दीपक कुमार, प्रदेश महामंत्री मुमत्याज अहमद, प्रदेश कोषाध्यक्ष नन्नू सिंह पाल ,संगठन की मुख्य संयोजिका काजल गंगवार, ममता श्रीवास्तव, सुमन पन्त



में पुलिस विभाग से प्रभारी ह्यूमन सेल बसंती आर्या ,उपनिरीक्षक राखी धोनी, नेहा राणा, उपनिरीक्षक वंदना चौधरी, कांस्टेबल ममता आर्या ,बलविंदर कौर यातायात पुलिस से शहनाज खान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से अग्रवाल महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ,प्रदेश अध्यक्ष शीला चौधरी, गीता सिंह ,कल्पना सक्सेना, सीमा विश्वास ,ताप्ती राय, आशा शुक्ला, चम्पा त्रिपाठी भवानी बिष्ट ,लक्ष्मी देवी,सहित संगठन के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधि विधान से हुई चीर बंधन की पूजा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होली के रंग से पहले कुमाऊं में चीर बंधन की परंपरा है। माना जाता है कि चीर बंधन होली भगवान के लिए समर्पित है। उस दिन चीर बंधन यानी ध्वजा स्थापना के साथ रंग की होली का शुभारंभ हो जाता है। गुरूवार को उत्तराखण्ड समेत पूरे कुमाऊं में चीर बंधन और रंग डालने के साथ खड़ी होली की शुरूआत हो गयी है। इस क्रम में हल्द्वानी महानगर की स्थानीय



श्री रामलीला कमेटी ने मंगल पड़ाव स्थित होली ग्राउंड व पटेल चौक में आचार्य गोपाल दत्त भट्ट ने विधि–विधान से चीर बंधन पूजन का कार्यक्रम संपन्न करवाया। पूजन अर्चना में श्री रामलीला कमेटी संरक्षक रिसीवर एवं सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, विवेक कश्यप, तनुज गुप्ता, पार्षद मनोज गुप्ता, अतुल अग्रवाल, सुशील शर्मा, योगेश शर्मा, संजय गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, विजय गुप्ता, निशुल अग्रवाल, प्रदीप जनोटी, भवानी शंकर, नीरज, अनिल गुप्ता सहित आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। इधर तनुज गुप्ता ने बताया कि आगामी 7 मार्च को सांय 5 बजे रूद्रपुर की जग्गी एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा भजन संध्या ओर होली गायन का आयोजन होगा। तद्पश्चात सायं 7 बजे होली का दहन पूजन होगा। 8 मार्च को रंग की होली होगी।

# चीरबंधन के साथ जिले में खड़ी होली शुरू

बागेश्वर(उद संवाददाता)। चीबंधन के साथ जिले में खड़ी होली शुरू हो गई है। बागनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ चीरबंधन किया गया। इसके बाद



होल्यारों ने कैले बांधी चीर हो रघुनंदन होली गाई गई। ग्रामीण क्षेत्र में भी होली की धूम शुरू हो गई है। पहले दिन होली के अखाड़े के अलावा मंदिरों में होली गाई गई। जिले में सभी स्थानों में होली की धूम रही,हर कोई रंगों के उल्लास,प्रेम भाईचारे के साथ होली के रंगों में सरोबार रहा, चीर बंधन के साथ ही गाँव गाँव मे होली की चीर को बाखली में स्थापित कर होली गायन शुरू हो गया,बागनाथ मन्दिर में होल्यारों ने चीर बंधन के साथ होली गायन शुरू कर दिया।वही गरुड़ कपकोट, रीमा दुग नाकुरी,कांडा धरमघर सहित अन्य स्थानों पर हर्षोउल्लास के साथ होली पर्व मनाया गया।

# महिला सशक्तिकरण के लिए डा. उषा को सीएम ने किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष कार्य किये जाने पर शहर की डॉ. उषा नरेन्द्र जैन देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। बता दें डा. उषा जैन लम्बे समय से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने बेटियों



को सही मार्गदर्शन हेतु समय समय पर सेल्फ हेल्प जागरूकता कार्यक्रम किये हैं। साथ ही बेटियों की हेल्थ जागरूकता मेरी–बेटी मेरा–अभिमान महिलाओं व बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम व सही खानपान के प्रति जागरूक करने के एवं बेटी पढ़ाओ–बेटी बचाओ अभियान में भी सहभागिता की है। बाल–विवाह को रोकन के लिए भी समय समय पर जनजागरूकता अभियान चलाये हैं। महिलाओं की स्किल डेवलपमेंट व आत्मनिर्भरता के लिए भी वह प्रयासरत रही हे। इससे पूर्व भी डा. जैन को कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

# सीओ ने की सद्भावना से होली मनाने की अपील

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कोतवाली में होली में शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस को सहयोग प्रदान करने के लिए पीस समिति की बैठक हुई,पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी की अध्यक्षता आयोजित बैठक में होली में सभी लोगों से सहयोग बनाते हुए सभी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने,आपसी प्रेम सौहार्दय से होली मनाने की अपील की, बैठक में कोतवाल कैलाश नेगी ने सभी लोगों को होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को सहयोग करने की अपील की,बैठक में सभी लोगों ने होली में नगर क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस व्यवस्था बनाने, शराब पीकर उत्पाद मचाने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की अपील की, वही चतुर्दशी को बागनाथ मंदिर में आने वाली होली के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने की अपील की ,वही पुलिस उपाधीक्षक अंकित



कंडारी ने होली में नगर में पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था और गश्ती दल बढ़ाने की बात कही, इस दौरान बैठक में एलआईयू इंस्पेक्टर अनिल नयाल,व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी,वरिष्ठ नागरिक कल्याण न्यास के दलीप सिंह खेतवाल, बालदत्त तिवारी,इंद्र सिंह परिहार,हरीश सोनी, राहुल साह,केवलानन्द जोशी ग्राम प्रधान सिया केशव लाल आदि मौजूद थे।

# युवा उत्सव में आयोजित होंगी अनेक प्रतियोगिताएं

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र पिथौरागढ़ द्वारा आगामी 19 मार्च को एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा कलेक्ट्रेट में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली गई तथा उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन भव्य तरीके से किया जाए। उत्सव की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जायें। जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र पिथौरागढ़ योगेश कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिनमें युवा कलाकार चित्रकला प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, सकेंगे। बैठक में नोडल ऑफिसर एनएसएस डॉ. सरोज वर्मा, डीएसओ प्रताप सिंह, प्रतिनिधि प्रधानाचार्य नवोदय



भाषण प्रतियोगिता एवं सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर विद्यालय जय कुमार वर्मा, प्रतिनिधि प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय संजय कोठियाल, नोडल अधिकारी केंद्रीय विद्यालय शैलेष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# थ्रीडी स्मार्ट क्लास रूम का विधायक ने किया उदघाटन

गरुड़(उद संवाददाता)।सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल गरुड़ में थ्रीडी कक्षा का शुभारंभ हो गया है। कपकोट विधायक सुरेश गड़िया द्वारा विद्यालय की थ्रीडी स्मार्ट क्लास रूम का उदघाट्न किया गया। उदघाट्न करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि आज का समय डीजिटिल इंडिया का है, प्राइवेट स्कूलों के साथ साथ सरकारी स्कूलों को भी वाई फाई से जोड़ा जायेगा। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को सभी सुविधाये दी जायेगी, उन्होंने सभी शिक्षकों अभिवावकों से छात्रों के सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए सरकार द्वारा आधुनिक शिक्षा का लाभ सभी छात्रों को मिले इसके लिए बेहतर प्रयास किए जाने की बात कही आने वाले समय में देवभूमि के छात्रों का उज्ज्वल भविष्य होगा, दस सालों में प्रदेश देश का सबसे शिक्षित राज्य होगा, जहाँ देश विदेश के छात्र भी पठन पाठन के सभी छात्रों से पढ़ाई के साथ साथ आधुनिकीकरण के दौर में वैज्ञानिक आधार पर नई सोच विकसित करने की अपील को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने की अपील की,इस दौरान छात्रों ने सभी अभिभावकों का मन मोहा।



कार्यक्रम में जावेद सिद्दीकी ने बताया की बच्चों की शिक्षा के लिये स्कुल में स्मार्ट क्लास, अंग्रेजी के साथ साथ संस्कृत शिक्षा को भी महत्व दिया जा रहा है जिससे बच्चें सभी भाषा का ज्ञान भी लेगे, कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी लिए आएंगे। उत्तराखण्ड के युवा अपनी प्रतिभा से विश्व मे अपनी ख्याति बिखेरेंगे ऐसे प्रयास युवा भारत अभियान से किए जा रहे है। उन्होंने की। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों द्वारा द्वारा जल जंगल जमीन पर नाटक का नाट्य मंचन किया गया। इस दौरान छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी लोगों मेहता,प्रधानाचार्य राजिया सिदिकी, अनामिका सिंह मुर्सील सिदीकी, अनामिका सिंह भाजपाजिला महामंत्री घनश्याम जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# ओमान देश के प्रतिनिधिमण्डल ने भवन प्रोजेक्ट के लिए की चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सल्तनत ओमान देश के प्रतिनिधिमण्डल व औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में किफायती दरों पर आवासीय



भवन निर्माण प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के तहत औद्योगिक क्षेत्र में आवासीय भवन निर्माण हो जाने से विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में कार्य करने वाले कार्मिकों को किफायती दरों पर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर सल्तनत ओमान देश के प्रतिनिधि हुसैन अल्ललवाती, मुनीर अल्ललवाती, औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि आशुतोष शर्मा, श्रीकर सिन्हा, आरएम सिडकुल मनीष बिष्ट, कमल कफल्टिया आदि उपस्थित थे।

# महिला समाज सुधारकों का संघर्ष

समाज के विकास और उत्थान में महिलाओं और पुरुषों का समान योगदान रहा है। अक्सर पुरुषों के योगदान की चर्चा होती है, लेकिन महिलाओं द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की उतनी चर्चा नहीं की जाती। महिला दिवस के अवसर पर हम आज दो ऐसी ही महान नारियों के जीवन और कार्य के बारे में जानेंगे, जिन्होंने आज से पौने दो सौ वर्ष पहले स्त्री और दलितों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया। ये दो महिलाएँ सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख अपने समय की क्रांतिकारी महिलाएं थीं। दोनों ने एक साथ मिलकर शिक्षा और समाज सुधार के लिये कार्य किया। सावित्री बाई फुले के योगदान से तो हम परिचित हैं। लेकिन फातिमा शेख के बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। सावित्री बाई के पत्रों द्वारा हमें फातिमा शेख की जानकारी मिलती है। सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिल्हे में नायगांव नाम में हुआ था। 1840 में सावित्री बाई का विवाह जोतिबा फुले से हुआ। जोतिबा अपनी मौसेरी बहन सगुना बाई के साथ रहते थे। विवाह के बाद जोतिबा फुले ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। खुद की पढाई के साथ साथ जोतिबा घर पर सावित्री बाई को भी पढ़ाने लगे। बहुत जल्द ही सावित्रीबाई ने मराठी व अंग्रेजी पढ़ना लिखना सीख लिया। इस के बाद सावित्री बाई ने स्कूली परीक्षा पास कर ली। सावत्रि बाई शिक्षा का महत्तव जान गयी थीं। सावित्रीबाई और जोतिबा चाहते थे कि उन्हीं की तरह समाज के पिछड़े वर्ग की महिलाओं को भी पढ़ने लिखने का अवसर मिले। उस समय दलित व पिछड़ी जातियों के लिए शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी । जोतिबा और सावित्रीबाई ने अपने मन में लडकियों के लिये विद्यालय खोलने का निश्चय कर लिया। लेकिन समस्या यह थी कि लड़कियों को पढ़ाने के लिए महिला अध्यापिका कहां से लाये? जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है। इस महान कार्य की जिम्मेदारी सावित्री बाई ने संभाली। उन्होंने मिशनरी कॉलेज से टीचर ट्रेनिग का कोर्स पूरा किया। अब वे एक प्रशिक्षित अध्यापिका बन गयीं थीं। इस तरह जोतीबा और सावित्री बाई ने पूना में सन 1848 में पहले महिला विद्यालय की नीव रखी। महिलाओं के लिये विद्यालय चलाना आसान काम ना था। शुरुआत में अभिभावक अपनी लडकियों को विद्यालय में भेजने के लिए तैयार नहीं हुए। लोग लड़कियों को पढ़ाने के पक्ष में ही नहीं थे। अज्ञानतावश उन्होंने यह धारणा बना ली थी कि यदि लडकियों को पढ़ाया गया तो उनकी सात पीढियाँ नरक की भागीदार बन जायेगी। ऐसी स्थिति में लोगों को समझना बड़ा कठिन था। इसके बावजूद सावित्री बाई ने हिम्मत नहीं हारी। वे लोगो के घर-घर जाती,उन्हें प्यार से समझती। शिक्षा का महत्त्व बताती। उनके इस कार्य से प्रेरित होकर पूना की एक और साहसी महिला शिक्षिका फातिमा शेख सामने आयीं। फातिमा शेख के साथ आ जाने से सावित्री बाई का हौसला दुगुना हो गया। फातिमा शेख का सम्बंध एक सामान्य मुस्लिम परिवार से था। उनका जन्म 9 जनवरी 1831 को हुआ था। ।अपनी बिरादरी की वह पहली पढ़ी लिखी महिला थीं। फातिमा शेख बड़े भाई उस्मान शेख के साथ पूना में ही रहती थीं। उस्मान शेख महात्मा फुले के बचपन के मित्र थे। महात्मा फुले की तरह वे भी खुले विचारों के थे। उन्हीं के प्रयास से फातिमा भी पढ़ लिख पाई थीं। फातिमा शेख के साथ जुड़ जाने से लडकियों के स्कूल में जान आ गयी । अब लड़कियों के स्कूल का काम बड़े उत्साह के साथ चलने लगा। फातिमा और सावित्री बाई दोनों सवेरे जल्दी उठ जातीं। पहले अपने घर का काम पूरा करतीं। इसके बाद पूरा समय अपने स्कूल को देती। जोतिबा और उस्मान शेख का सहयोग भी इन्हें बराबर मिलता रहता। शुरुआत में विद्यालय में केवल छह ही लड़कियां थीं। धीरे धीरे यह संख्या बढ़ने लगी। सब कुछ योजना अनुसार चल रहा था। लेकिन शहर के संभ्रांत वर्ग को लडकियों का यूं पढ़ना लिखना ठीक ना लगा। इस कार्य को शास्त्र विरोधी बताकर उन्होंने फुले परिवार का विरोध किया। इसके बावजूद सावित्री बाई अपने कार्य में जुटी रही। विरोध करने वालों ने जोतिबा के पिता गोविंदराव पर दबाव बनाया। गोविंदराव को सामाज से बहिष्कृत करने की धमकी दी गयी। इस विरोध के चलते गोविन्दराव ने जोतिबा से विद्यालय बन्द करने या घर छोड़ देने की शर्त रखी। जोतिबा और सावित्री बाई किसी भी सूरत में अपना मिशन जारी रखना चाहते थे। पिता की बात उन्होंने नहीं मानी। अंत में उन्हें अपना घर छोड़कर जाना ही पड़ा। पूणे शहर में कोई उन्हें सहारा देने को तैयार नहीं था। सावित्री बाई को अपने घर से अधिक लडकियों के पढ़ाई की चिंता सताये जा रही थी। इधर संभ्रांत वर्ग ने फुले दंपति का सामजिक बहिष्कार कर रखा था। सामजिक बहिष्कार के डर से कोई उनकी सहयता के लिये आगे नहीं आया। फुले परिवार को धर्म विरोधी घोषित कर दिया गया था। ऐसी संकट की घड़ी में महात्मा फुले के बचपन के मित्र उस्मान शेख फरिश्ता बनकर सामने आये। उस्मान शेख ने अपना निजी बाड़ा फुले परिवार के लिये खोल दिया। शेख परिवार ने सावित्री बाई और जोतिबा को सहारा ही नहीं दिया बल्कि अपने घर का एक हिस्सा स्कूल चलाने के लिये भी दे दिया। इस तरह लड़कियों का विद्यालय अब फातिमा शेख के घर से ही चलने लगा। उस्मान शेख और फातिमा को भी अपने समाज के भीतर लगातार विरोध झेलना पड़ रहा था। सावित्री बाई की तरह ही फातिमा शेख को भी बुरा-भला कहा जाता। उन पर ताने कसे जाते, गालियां दी जाती। उन पर कीचड़, गोबर फेंका जाता, उनके कपड़े गंदे हो जाया करते। दोनों महिलाएं चुपचाप ये यातनाएँ सहती रहीं। फातिमा शेख और सावित्री बाई दोनों बड़ी निडर और साहसी महिलाएँ थीं। दोनों ने हार नहीं मानी, वे दूनी लगन और मेहनत के साथ लड़कियों का भविष्य संवारने में जुटी रहीं। उन्होंने 1850 में उन्होंने 'द नेटिव फीमेल स्कूल। पुणे' नामी संस्था बनाई। इस संस्था के अंतर्गत पुणे शहर के आस पास 18 विद्यालय खोल गये। उस जमाने में महिलाओं की तरह ही दलित बच्चों के लिये भी शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस समस्या को दूर करने के लिये महात्मा फुले नें सोसायटी फॉर द प्रमोटिंग एजुकेशन ऑफ महार एन्ड मांग' नामक संस्था की स्थापना की इस तरह महिलाओं के साथ-साथ वंचित समाज के बच्चों के लिए भी विद्यालय की शुरुआत हुई। फातिमा शेख ऐसी पहली मुस्लिम महिला बनी जिसने मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा के साथ साथ बहुजन समाज की शिक्षा के लिए भी काम किया। फातिमा शेख के बारे में बहुत कम जानकारी प्राप्त है। सावित्री बाई के पत्रों से हमें उनकी जानकारी मिलती है। हम समझ सकते हैं, आज से दो सौ वर्ष पूर्व किसी मुस्लिम महिला का इस तरह घर की चार दीवारी से बाहर आकर समाज कार्य करना, कितने साहस का काम रहा होगा? फातिमा शेख ने सावित्री बाई के मिशन को आगे ही नहीं बढ़ाया ब्लकि संकट की घड़ी में सदा उनके साथ खड़ी रही। सावित्री बाई की अनुपस्थिति में स्कूल प्रशासन की सारी जिम्मेदारी फातिमा शेख ही संभाला करती थी। विद्यालय में छात्राओं की संख्या बढ़ने लगी। शिक्षा ग्रहण करने के बाद उनकी छात्राएँ भी अध्यापिका की भूमिका निभाने लगी। आगे चलकर सावित्री बाई ने अपने सामाजिक कार्य को और विस्तार दिया। उन दिनों समाज में बाल विवाह प्रथा का चलन आम था। बहुत सी लड़कियां छोटी उम्र में ही विधवा हो जाया करती। इसके अतिरिक्त ऐसी अविवाहित माताएँ जिन्हें समाज पूरी तरह से बहिष्कृत कर देता, ऐसी पीड़ित महिलाओं के सामने सिवाय आत्महत्या के कोई और मार्ग नहीं रहता। महात्मा फुले और सावित्री बाई ने ऐसी पीडित महिलाओं के लिये 28 जनवरी 1853 को 'बाल हत्या प्रतिबंधक गृह' नाम से एक आश्रम खोला। देश में महिलाओं के लिए इस तरह का यह पहला आश्रम था। इस आश्रम में महिलाओं को छोटे-मोटे काम सिखाए जाते, उनके बच्चों की देख भाल की जाती। बड़े होने पर उन्हें स्कूल में दाखिल कराया जाता। एक दिन आश्रम में काशीबाई नाम की एक अविवाहित गर्भवती महिला आई। सावित्री बाई ने उसे सहारा दिया, आगे चलकर उस महिला के पुत्र को ही उन्होंने गोद लिया। यह बालक बड़ा हो कर डॉ. यशवंत कहलाया। सावित्री बाई ने यशवंत को पढ़ा लिखा कर एक सफल डॉक्टर बनाया। 1896 की बात है मुंबई, पुणे में उन दिनों प्लेग फैला हुआ था। सावित्री बाई लोगों की सेवा में जुटी रहती। इसी दौरान वे भी प्लेग की चपेट में आ गयीं। और 10 मार्च 1897 को इस महान समाज सेविका ने अपने प्राण त्याग दिए। सावत्री बाई और फातिमा शेख ने सैकड़ों महिलाओं के जीवन में शिक्षा और ज्ञान की ज्योत जलाई। शिक्षा के द्वारा शूद्रों, स्त्रियों को स्वाभिमान के साथ जीने का रास्ता दिखाया। आज महिलाएं प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हैं, पहले से अधिक स्वतंत्र हैं। महिलाओं के उत्थान में महत्मा फुले, सावित्री बाई और फातिमा शेख जैसी महान विभूतियों का संघर्ष और त्याग छिपा है। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सावित्री बाई और फातिमा शेख जैसी महान नारियों के योगदान को याद करना हम सब के लिये गर्व की बात है।

**मुख्तार खान ( जनवादी लेखक संघ )**

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### महंगाई की मार

रसोई गैस की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी खासतौर से चुभने वाली है। साफ है कि गरीब और निम्न मध्यवर्गीय लोगों को इस कमरतोड़ महंगाई से फिलहाल निजात मिलती नहीं दिख रही। पूर्वोत्तर के राज्यों में मतदान खत्म होने के साथ ही रसोई गैस के सिलेंडर के दामों में एकमुश्त पचास रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। रसोई गैस के सिलेंडर के दाम पहले ही एक हजार के पार थे और इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में इसकी कीमत अब 1,103 रुपए हो गई है। वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में साढ़े तीन सौ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। यानी अब उन्नीस किलोग्राम के वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले गैस सिलेंडर के दाम 2,119.5 रुपए तक पहुंच चुके हैं। जाहिर है, अलग-अलग राज्यों में वहां की कीमतों के अनुपात में बढ़ोतरी हुई है। होली से ऐन पहले हुई यह वृद्धि स्वाभाविक है कि लोगों को खलेगी। महंगाई पहले ही आसमान छू रही है और पेट्रोल के दाम लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। ऐसे में छोटे से लेकर बड़े रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी खासतौर से चुभने वाली है, क्योंकि सरकार ज्यादातर गैर-उज्ज्वला उपयोगकर्ताओं को अब कोई सबसिडी नहीं देती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन पाने वाले 9.58 करोड़ गरीबों को प्रति सिलेंडर दो सौ रुपए सबसिडी मिलती है। अब सबसिडी के बाद उन्हें भी एक सिलेंडर के लिए 903 रुपए चुकाने होंगे। वहीं अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी खबर अच्छी नहीं है। महामारी की मार से उबर रही अर्थव्यवस्था को रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति शृंखला प्रभावित होने की वजह से झटके सहने पड़े हैं। नतीजे में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन के कारण देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2022-23 के वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घट कर 4.4 फीसद पर आ गई है। जबकि 2021-22 की इसी तिमाही में अर्थव्यवस्था 11.2 फीसद की दर से बढ़ी थी। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर सात फीसद रहने का अनुमान है जो पिछले वर्ष 9.1 फीसद थी। मान लिया जाए कि जीडीपी की वृद्धि दर को प्रभावित करने वाले कई अंतरराष्ट्रीय कारक होते हैं और यह कभी तेज तो कभी सुस्त होती रहती है, लेकिन सरकार देश के वंचित तबकों के प्रति अपनी जवाबदेही और दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। महामारी के बाद महंगाई की मार झेल रहे सबसे निचली कतार में खड़े लोगों के लिए रसोई गैस के सिलेंडर जैसी बुनियादी चीज की बेलगाम कीमतें काफी परेशानी भरी साबित हो रही हैं। सच यह है कि सबसिडी के बावजूद उज्जवला योजना तक के सिलेंडर के ऊंचे दाम इसके दायरे में आने वाले उपभोक्ताओं की पहुंच से बाहर हो रहे हैं। खुद सरकार संसद में बता चुकी है कि उज्ज्वला योजना के चार करोड़ तेरह लाख लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर नहीं भरवाया तो 7.67 करोड़ लाभार्थियों ने सिर्फ एक बार भरवाया। सरकार कह सकती है कि रसोई गैस के सिलेंडर के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों से तय होती हैं। यह कीमत डालर में होती है और डालर व रुपए की विनिमय दर के आधार पर तय होती है। यानी डालर के मुकाबले रुपया कमजोर हो तो दाम अपने आप बढ़ जाते हैं। लेकिन अगर हम बीते चौदह महीनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस दौरान रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें आठ बार बढ़ी हैं और कुल बढ़ोतरी 256 रुपए की हुई है। इस बढ़ोतरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों का हवाला देकर उचित नहीं ठहराया जा सकता। उचित यही होगा कि सरकार रसोई गैस जैसी सबसे बुनियादी चीजों के दाम काबू में रखे, ताकि यह लोगों की पहुंच में रहे।

## धरी रह गयी निकाह की तैयारियां, नहीं आयी बारात

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। निकाह के लिए लड़की पक्ष की तैयारियां धरी रह गयी। दूल्हा बारात लेकर नहीं पहुंचा। आरोप है कि दहेज में कार नहीं मिलने पर शादी तोड़ी गयी है। आइजी डा. नीलेश आनंद भरणे के आदेश पर पुलिस ने दूल्हे समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा निवासी एक युवक ने आइजी को बताया कि उसकी बड़ी बहन का निकाह एक मार्च को चमोली जिले के देवराड़ा थराली निवासी समीर के साथ होना था। 22 अगस्त को दोनों के सगाई की रस्म पूरी हुई थी। तभी निकाह की तिथि एक मार्च 2023 को तय हुई। निकाह के लिए बरेली रोड में एक बैंक्वेट हाल बुक कराया गया था। कार्ड छपवाकर रिश्तेदारों को बांट दिए। नवंबर 2022 में दूल्हे के पिता ने दहेज में कार की डिमांड की थी। इस बीच दोनों पक्षों के बीच फोन पर बात होती रही। एक मार्च को दुल्हन पक्ष के नाते रिश्तेदार बैंक्वेट हाल में पहुंच गए और बारात की तैयारियां पूरी कर लीं। लेकिन दूल्हा बारत लेकर नहीं पहुंचा। आइजी ने एसएसपी को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद दूल्हा समीर, उसके पिता नसीर अहमद, मां गुड़िया, बहन सेहरीन व भाई आरिस पर दहेज उत्पीड़न व धोखाधड़ी की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

## कर्नाटक ने बहाल करवाई नगर क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।विद्युत विभाग द्वारा देयको का भुगतान न करने पर नगरपालिका की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बंद कर दी गई ।जिस कारण पूरा शहर अंधकार में डूब गया। होली के त्यौहार से पहले स्ट्रीट लाइट बंद होने से आम जनता परेशान थी।खासकर गलियों एवं सुनसान रास्तों पर भय का माहौल था।इसको देखते हुए पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने जिलाधिकारी से वार्ता कर जनहित में शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बहाल करवाने की मांग की थी।इसके साथ ही श्री कर्नाटक ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता श्री मिश्रा से भी इस संबंध में वार्ता कर स्ट्रीट लाइट बहाल करने की मांग की थी।जिलाधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया था कि स्ट्रीट लाइट व्यवस्था अभिलंब प्रारंभ कर दी जाएगी। जिसके बाद नगर के शिखर तिराहे,बाजार एवं अन्य जगहों पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है।अभियंता ने कर्नाटक को आश्वासन दिया है कि जिन जगहों पर स्ट्रीट लाइट अभी नहीं जल रही है वहां भी व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी।श्री कर्नाटक के इस प्रयास की जनता द्वारा सराहना की गई।

## अल्ट्रासाउण्ड केंद्रो का निरीक्षण करने के निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पूर्व निदान (पीसीपीएनडीटी) की जिला सलाहकार की बैठक जिलाधिकारी वन्दना की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम एवं प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण की रोकथाम हेतु नियमित रूप से उप जिलाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग एवं समिति के अन्य सदस्य अल्ट्रासाउण्ड केंद्रो का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इस सम्बन्ध में अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम के अतिरिक्त पंजीकृत मेडिकल स्टारों का भी निरीक्षण कर पीसीपीएनडीटी के अन्तर्गत निधारित प्राविधानों व निर्देशों की जानकारी उपलब्ध करायी जाय तथा इसके अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि जिले में इसके उल्लघंन सम्बन्धी कोई प्रकरण नहीं होना चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर0सी0 पंत, चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय डा0 प्रीति पंत सहित समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## माता-पिता ने डांटा तो युवक ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी। नशे की हालत में घर पहुंचे युवक को माता-पिता ने डांटा तो उसने फंदा लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में लटका मिला। पुलिस के अनुसार, कुमाऊं कालोनी, दमुवाढूंगा निवासी 24 वर्षीय अजय पुत्र गणेश राम नशे का अधिक मात्रा में सेवन करने लगा था। बुधवार की देर शाम वह नशे में धुत होकर घर पहुंचा और स्वजनों से गालीगलौज करने लगा। इस पर माता-पिता ने उसे डांट दिया। इससे क्षुब्ध होकर अजय अपने कमरे में चला गया और साड़ी का फंदा बनाकर कुंडे से लटक गया। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो स्वजन कमरे में गए। अंदर का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## समूह-ग भर्ती में इंटरव्यू खत्म करने के लिये नियमावली बनाने को दी मंजूरी

देहरादून। लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की समूह ग के पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षाओं में साक्षात्कार नहीं होंगे। बृहस्पतिवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इसके लिए नियमावली बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हल्द्वानी में एक रैली में समूह 'ग' परीक्षाओं में साक्षात्कार समाप्त करने की घोषणा की थी। इसके अलावा उन्होंने पीसीएस एवं अन्य उच्च पद के लिए साक्षात्कार के अंकों का प्रतिशत कुल अंकों के 10 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रखे जाने का एलान किया था। घोषणा के अनुसार साक्षात्कार में 40 प्रतिशत से कम और 70 प्रतिशत से अधिक नंबर देने पर स्पष्टीकरण लेने का प्रावधान भी किया जाएगा। बृहस्पतिवार को प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री की इस घोषणा की जानकारी दी गई। साथ ही इसके लिए नियमावली बनाने का फैसला लिया गया। राज्य में समूह ग के पद पर साक्षात्कार की व्यवस्था जनरल खंडूड़ी की सरकार के समय से खत्म है। इसका शासनादेश भी जारी हो चुका है। लेकिन कई विभागों में अलग-अलग सेवा नियमावलियां होने की वजह से यह शासनादेश प्रभावी नहीं हो पाया। अब नियमावली बन जाने के बाद साक्षात्कार खत्म करने की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो जाएगी।

## इंस्टाग्राम पेज पर अवैध तमंचे के साथ फोटो कर रहा था अपलोड, हुई जेल

काशीपुर(उद संवाददाता)। सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पेज पर अवैध तमंचे के साथ खुद की फोटो अपलोड करने के एक मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए तत्परता दिखाते हैं उसे दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक ग्राम जुड़ का निवासी गौतम पुत्र ब्रह्मपाल ने पिछले दिनों अपने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पेज पर अवैध तमंचे के साथ फोटो अपलोड कर समाज में भय व दहशत व्याप्त करने का काम करते हुए रौब गांठने का गैरकानूनी कृत्य किया। पुलिस को इसकी जानकारी मिलने पर उसने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को 315 बोर के 1 अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद आर्म्स एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को जेल रवाना कर दिया।




# बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने दिये सुझाव

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।राज्य के बजट 2023-24 निर्माण में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित किये जाने हेतु विभिन्न माध्यमों से जनता के सुझाव आमंत्रित किये जाने तथा जन सहभागिता को और सशक्त बनाने के लिए बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुखो, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों द्वारा अपने क्षेत्र की समस्याओं व गतिविधियों से जिलाधिकारी को रूबरू कराते हुए विशेषकर जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान को रोके जाने, गौरा कन्या धन के आवेदन को सरलीकरण करने, इंटर कॉलेजों में करियर काउंसलिंग किए जानें, स्कूली बच्चों को आने जानें के लिए बस की सुविधा दिए जाने, जन औषधि केंद्रों को सीएचसी स्तर पर संचालित किए जाने, स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने, खेलों को प्रोत्साहन देने, मनरेगा योजना के अंतर्गत अंश को बढ़ाए जाने, क्षेत्र में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ाये जाने, क्षेत्र में कूड़े के उचित निस्तारण किये जाने व अन्य



कार्यों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी जिलाधिकारी को दी गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी सुझाव लोगों द्वारा बजट पूर्व संवाद मे दिए गए हैं उन्हें राज्य सरकार को भेजा जाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगरपालिका प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि पहाड़ को आगे बढ़ाना है तो हमें पर्यटन को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में स्वास्थ्य सुविधाओं व शिक्षा के लिए बेहतर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जो भी योजनाएं पहाड़ के लिए बनाई जाए उनमें भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि पंचायतों व निकायों को मजबूत किए जाने की बात रखी। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा शहरों के लिए सीवर योजना को लागू किया जाए। इस अवसर पर प्रमुखों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, समूहों द्वारा भी बजट संबंधी अपने विचार जिलाधिकारी के सम्मुख रखने के साथ ही अपने क्षेत्र में विकास की गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया व क्षेत्र में हो सकने वाले विकासशील कार्यों की भी जानकारी दी गयी। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को कार्ययोजना तैयार कर उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा भी चलायी जा रही विकास कार्यों की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दीकार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, मुख्य कोषाधिकारी हेमंत गंगवार, ब्लाक प्रमुख द्वाराहाट दीपक किरोला सहित अन्य जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# निशुल्क नेत्र शिविर में130 नेत्र रोगियों को मिली नेत्र ज्योति

कांडा(उद संवाददाता)। कांडापडाव घिंघारतोला में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल के विशेष सहयोग से 130 से अधिक नेत्र रोगियों ने नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया ,जिसमें से 15 से अधिक रोगियों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चयनित किया गया है,वही क्षेत्रवासियों की ओर से पहली बार पूर्व कैबिनेट मंत्री भौर्याल के विशेष सहयोग से आयोजित शिविर की सराहना की,सामाजिक कार्यकर्ता ध



न सिंह भौर्याल, हीरा कर्मयाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवान भण्डारी, आनन्द धपोला, गणेश भौर्याल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नन्दा बल्लभ तिवारी, सविता नगरकोटी, कमल भौर्याल, नेत्र परीक्षक अनुभव गुप्ता, नवीन, लक्ष्मण सिंह, खुशाल मेहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**सितारगंज में बदमाशों...** देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर चोरों ने मकान स्वामी के दो पुत्रों और पत्नी को लोहे की रॉड चाकू आदि से प्रहार कर घायल कर दिया। सूचना पर एसपी सिटी क्राइम मनोज कत्याल, सीओ ओमप्रकाश शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। पुलिस ने 5 टीमें बनाकर घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। मकान स्वामी ओमप्रकाश ने बताया कि उसके बड़े पुत्र की शादी बीती 22 फरवरी को पूरनपुर से हुई है। एवं शादी के बाद दूसरी बार कल ही बहु घर आई थी। बताया कि बदमाश घर मे रखे बहु के सोने के आभूषण एवं घर मे रखा लगभग 14 तोले सोना लूटकर ले गये। साथ ही घर से 4 मोबाईल, एवं 1 लाख रुपये नकद भी लूट ले गये है। बताया कि घर मे 6 लोग घुसे थे, जिनमे 3 गैलरी में निगरानी के लिए खड़े थे, जबकि 3 बदमाश लूटपाट कर रहे थे। घटना के बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड को बुलाकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। एसपी सिटी ने कहा कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त जल्द ही गिरफ्तार कर लिये जायेंगे।

**महंगाई के खिलाफ...**से केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना भी फेल हो चुकी है और गरीबों के घरों में गैस सिलेंडर शोपीस बनकर रह गए हैं । उन्होंने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार से मांग करी की गैस सिलेंडर के दामों की में जो वृद्धि की गई है उसको तुरंत वापस लिया जाए अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे ।इस दौरान पूर्व दर्जा मंत्री हरीश बाबरा, युवा जिला अध्यक्ष निशांत शाही, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू निषाद, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोपाल भसीन, रामस्वरूप भारती, विजय यादव, ममता रानी, सोफिया नाज, परविंदर कौर, अरशद खान, कांता प्रसाद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली, महामंत्री विजय अरोरा, पार्षद प्रीति साना, सुशील मंडल, कैलाश राठौर, अबरार अहमद, परवेज कुरेशी, बाबू खान, मोहन भारद्वाज, अशफाक अंसारी, कांग्रेसी नेता, सुनील आर्य ,बाबू विश्वकर्मा, सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, अनुसूचित जाति के नगर अध्यक्ष रामप्रसाद, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनिल शर्मा, सुमित राय, फुदीना सहनी, जगदीश कर्मकार, प्रकाश शर्मा, मानसिंह, शंकर कोली, कमलेश गुप्ता, राजीव यादव, अजय यादव, रवि कठेरिया,भूपेंद्र कुमार आमिर हुसैन ,इंद्रावती, रामावतार, इकबाल शर्मा, फरमान सिद्दीकी, रंजीत तिवारी, राजेंद्र शर्मा, रामकृष्ण कनौजिया, विमल गंगवार, विमल घरामी, खगोपति विश्वास, रविंद्र गुप्ता, कलीम अहमद ,दिलशाद अहमद, सचिन आंनद, निशार अहमद, अदनान जलील अहमद, अफसर अली, इदरीश गोला, मुकुल, सपना गिल, सिकदर, मलती मौर्य, मंजू जैन, मोइन खान,परविंदर कौर, गुरमेज, सावित्री देवी,ललिता, सायरा, नकुल साना, कविता, गोरी मंडल, नीतू, विनीता, विमला, शोभा, द्रौपदी, पूनम गुप्ता, पुष्पा, उमर अली आदि कार्यकर्ता थे।

**कलयुगी पुत्र ने किया..**गिरी आये तो भजमन ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे दीवान गिरी गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन आनन फानन में उन्हें किच्छा अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रात्रि करीब साढ़े 11 बजे घटना की जानकारी मृतक के छोटे पुत्र अंकित ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने आरोपी भजमन गिरी को चाकू के साथ हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक आर्मी में सूबेदार के पद से रिटायर्ट हुए थे। घटना से पूरे इलाके सनसनी फैल गयी।

**डाक्टर भीम राव...**को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना का पता शुक्रवार की सुबह चला। जिसके बाद मंदिर परिसर में भीड़ जमा हो गयी। जानकारी मिलने पर भीम आर्मी के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर आस पास के थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मूर्ति तोड़ने वालों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि असामाजिक तत्वों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

**उधमसिंहनगर जिले की ...** शामिल है।वर्ष 2020 में कुल 205 में रूद्रपुर के 127, जसपुर के 5, पन्तनगर के 22, काशीपुर के 25, खटीमा के 4 तथा सितारगंज के 22 उद्योग शामिल है। वर्ष 2021 में कुल 340 में रूद्रपुर के 237, जसपुर के 7, पन्तनगर के 30, काशीपुर के 55, खटीमा के 4 तथा सितारगंज के 7 उद्योग शामिल रहे है। वर्ष 2022 में 03 दिसम्बर तक कुल 265 ऐसे मामलों में 169 रूद्रपुर, 33 जसपुर, 36 पन्तनगर, 8 काशीपुर, 7 खटीमा तथा 12 सितारगंज के शामिल है।

**अफीमके साथ...**पकड़ेगए नशे के कारोबारी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के तहसील ठाकुरद्वारा से अफीम खरीद कर उसे रामनगर काशीपुर में खुदरा नशेड़ियों को बेचता है। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पकड़े गए नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

**खाद्य विभाग ने मारे...**हल्द्वानी कैलाश चंद्र टम्टा की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। जिला अभिहित अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व को लेकर विभाग द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है उन्होंने बताया कि कई दुकानों पर मावा पनीर घी के साथ ही मिठाइयों का सैंपल लिया गया उन्होंने बताया इसके साथ ही कुछ दुकानों पर गंदगी मिलने के साथ ही विभाग के नियमों का उल्लंघन भी पाया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे दुकान स्वामियों को नोटिस देने के साथ ही व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए यदि इसके बावजूद भी दुकानों में विभाग के नियमों का उल्लंघन पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**चरस के साथ...** इलैक्ट्रोनिक तराजू बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद चरस व तराजू सहित उसकी मोटरसाईकिल नंबर यूके 04 एएफ1643 को अपने कब्जे में लेकर वशीधर के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया।

# जैन मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कैंप कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जैन गुरु सुदर्शन जन्म शताब्दी के उपलक्ष में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कैंप कल 4 मार्च दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक जैन स्थानक जैन मंदिर आदर्श कॉलोनी में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते जैन समाज व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि इस नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर में स्पेशलिस्ट एवं एमडी डॉक्टरों के द्वारा समस्त प्रकार की बीमारियों की जांच व चिकित्सा परामर्श नि:शुल्क दिया जाएगा एवं आंखों से संबंधित सभी बीमारियों की जांच कर दवाइयां नि:शुल्क दी जाएंगी। आवश्यकता अनुसार चश्मे भी नि:शुल्क दिए जायेंगे। जैन समाज ने सभी जनमानस से अनुरोध किया है कि कल 4 मार्च को आयोजित स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का लाभ उठाएं।

# सड़क हादसे में बाईक चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बीते दिनों सिड़कुल क्षेत्र में बाईक की टक्कर से घायल हुए श्रमिक के भाई ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में हरदयाल पुत्र राम स्वरूप निवासी ग्राम इमलिया गंगी थाना दूरियाकला, बीसलपुर, पीलीभीत ने कहा है कि उसका बड़ा भाई बेगराज वर्तमान में राजा कालोनी, ट्रांजिट कैम्प में किराये पर रहकर सिड़कुल की एक फैक्ट्री में कार्य करता हैं। 21 फरवरी को रात्री वह छुट्टी होने के उपरांत अपनी साइकिल पर सवार होकर कमरे को वापस आ रहा था। मार्ग में बोल्टस कम्पनी के निकट मोटर साइकिल संख्या यूके 06 एपी 2793 के अज्ञात चालक ने उसके भाई को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# अब उत्तराखंड में करना चाहता हूं समाज सेवा : बीएस कोश्यारी

## रूद्रपुर पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने किया भगत दा का जोरदार स्वागत







रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि राजनीतिक सफर पूरा करने के बाद अब उत्तराखंड में समाज सेवा करना है। यहां के लोगों में सेवा भाव और सम्मान बहुत है। भाजपा के कद्दावर नेताओं में एक भगत सिंह कोश्यारी का [illegible] कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कोश्यारी ने कहा कि समाज की बुराई को दूर करते हुए सबको जोड़ने का कार्य करना है। समाज की बुराई को दूर करते हुए देश हित मे एकजुट होकर कार्य करना है। आप सब उत्तराखंड का भविष्य है और आप सभी के प्रयासों से उत्तराखंड आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में देश विकास कर रहा है। कोश्यारी ने कहा कि यहां जनप्रतिनिधि चुने जाने पर जोरदार स्वागत होता है, लेकिन गवर्नर के पद से इस्तीफा देने बाद भी सामाजिक जीवन में इतना स्वागत होना, आप सब बधाई के पात्र हैं। इस दौरान उनसे मुलाकात करने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोश्यारी का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुद्रपुर कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, किच्छा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, रुद्रपुर मेयर रामपाल, उत्तरी मंडल के महामंत्री राधेश शर्मा, धर्म सिंह कोली, सुरेश परिहार,भारतभूषण चुघ आदि मौजूद थे।

# श्री खाटूश्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप शिव नगर स्थित श्री चामुण्डा देवी मंदिर के सामने इंडियन पब्लिक स्कूल परिसर में गत रात्रि श्री खाटू श्याम शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता तथा समाजसेवी भारत भूषण चुघ व समाजसेवी डिंपल गुप्ता ने पावन ज्योति में घी अर्पित कर श्री खाटू श्याम का न सिर्फ भारत बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी श्री खाटू श्याम के लाखों भक्त मौजूद हैं। इससे पूर्व श्री चुघ का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर कार्यक्रम आयोजकों तथा हापुड़ से आए संजू पागल सहित अन्य बाबा भक्तों ने सारी रात श्री खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया। भोले की बारात चली सज धज के भजन सुन शिबू सागर, चंद्रपाल कोली, किशन पाल गंगवार आदि ने कार्यक्रम आयोजन में अहम योगदान दिया। इस दौरान हजारो की संख्या में बाबा भक्त मौजूद रहे। अंत में समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने विशेष रूप से पूजा अर्चना की। शोभा यात्रा आयोजन स्थल से शिव नगर तिराहा, डी डी चौक, अग्रसेन चौक, काशीपुर







संकीर्तन में भजन गायक कलाकारों द्वारा श्री खाटू श्याम की महिमा करते हुए गाए गए भजनों को सुनकर बाबा भक्त भक्तिभाव में डूबकर तालियां बजाकर नाचते गाते रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम का आर्शीवाद प्राप्त कर किया। उपस्थित बाबा भक्तों को संबोधित करते हुए श्री चुघ ने कहा कि यह ऐसा पावन दरबार है जहां सभी के दु:ख संकट व अन्य विपदायें समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज द्वारा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। संकीर्तन में पंजाब से आए यदुवंशी ब्रदर्स, बदायूं से आए भजन गायक कलाकार डीके राजा, कानपुर के बबलू मस्ताना, बरेली के विवेक इस्माइली व प्रिया पुजारिन बाबा भक्त मस्ती में झूमने लगे।इस मौके पर विकास बंसल, संजीव गुप्ता, विकास आर्य, सुमित गुप्ता, योगेश अग्रवाल, देव सक्सेना, बंटी विश्वकर्मा, हर्षित रस्तोगी, शिवम रस्तोगी, सुरेंद्र गुप्ता, जीतू लोधी, प्रसाद वितरित किया गया। इससे पूर्व गत दिवस आयोजन स्थल से भव्य निशान विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा आयोजन स्थल से ध ार्मिक अनुष्ठानों के साथ प्रारंभ हुई जिसमे बाईपास मार्ग, मुख्य बाजार, भगत सिंह चौक, गल्ला मंडी में श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची। जहां से वापस आयोजन स्थल पर आई। शोभा यात्रा में सैकड़ों बाबा भक्त भजन कीर्तन कर नाचते गाते जा रहे थे।

# गूलरभोज में कांग्रेसियों ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

गूलरभोज(उद संवाददाता)। भारत जोड़ों धर्म जाति का बंधन तोड़ो नफरत छोड़ो भारत जोड़ो आदि नारों के साथ कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली जिसमें भारी भीड़ उमड़ भुवन कापड़ी, जसपुर विधायक आदेश चौहान, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा व यूथ प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने गुरुवार को यात्रा का उद्घाटन किया। यात्रा नगर से प्रारंभ होकर मुख्य अराजकता नफरत की भावना बढ़ी है। सभा में वक्ताओं ने देश के हालातों पर चिंता जाहिर की। कांग्रेसियों ने कहा कि आज प्रदेश की स्थिति बहुत खराब है युवा वर्ग हताश व निराश हैं प्रदेश के इस अवसर पर गोपाल सिंह राणा, विध ायक आदेश चौहान, विधायक युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्र भुल्लर, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, ममता हालदार, सुमन सिंह, त्रिनाथ विश्वास,





पड़ी। यात्रा में विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ों यात्रा के कार्यक्रम प्रभारी मोहन खेड़ा व सह प्रभारी ममता रानी, उप नेता प्रतिपक्ष बाजार होते हुए कॉलोनी नंबर 2 कोपा बसंता कोपा लाल सिंह होते हुए मुख्य चौक पर पहुंचकर सभा सभा में परिवर्तित हो गई। यहां हुई सभा को संबोधित करते हुए उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि पिछले कुछ समय में देश में बढ़ती नौजवान पेपर लीक मामले की जांच की मांग कर रहे हैं प्रदेश की सरकार उन्हें डंडों से पिटवा रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में बदलाव की जरूरत है। सभा का संचालन यूथ प्रदेश महामंत्री मोहित चौहान व किशोर सावंत ने किया। सुभाष बेहड़, प्रेम सिंह, रेखा रावत, केके गावा, श्याम सिंह, अमित गुप्ता, नित्यानंद मंडल, मनोज देवरानी, नंदा बल्लभ पांडे, बलवंत सिंह, सिद्धार्थ, रामस्वरूप सिंह, लखविंदर सिंह, सुमित सिंह बैरागी आदि लोग उपस्थित थे।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस मुखर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस मुखर हो गई है।कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई के लिए भाजपा को आड़े हाथों लिया, कांग्रेस ने देश मे बढ़ती महंगाई और गरीबों को महंगाई की मार से उनकी रोजी रोटी छीनने का आरोप लगाया, जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसबीआई तिराहे पर केंद्र व प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि महंगाई से आमलोग परेशान हैं। अच्छे दिनों का



सपना दिखाने वाली सरकार फेल हो गई है।रसोई गैस के दाम 50 रुपये और बढ़ गए हैं। उज्जवला योजना के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। देश मे निम्न वर्ग के लोग उपेक्षित महसूस कर रहे है, आज दस सालों में महंगाई चरम पर पहुंच गई है, उन्होंने आम जनता से महंगाई देने वाली भाजपा सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलने में सहयोग की अपील की, इस दौरान हरीश सिंह परिहार, लक्ष्मी धर्मशक्तू,भीम कुमार,रमेश दानू,गोकुल परिहार,मुन्ना पांडे, गौरव परिहार,रोहित,भारती,प्रकाश बाछमी, आदि मौजूद थे।

# अग्रवाल महासभा का होली मिलन कार्यक्रम आठ को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री अग्रवाल सभा नगर इकाई कार्यकारिणी की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें आगामी 8 मार्च होली के दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किए जाने वाले होली मिलन कार्यक्रम पर चर्चा हुई। अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग ने बताया कि 8 मार्च को श्री राम लीला मैदान में शाम पांच बजे से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें नगर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थाओं के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। महामंत्री आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि श्री अग्रवाल सभा द्वारा पिछले 30 वर्षो से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें नगर के गणमान्य लोगों द्वारा भागीदारी की जाती है तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बैठक में तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री आशुतोष अग्रवाल, संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल पप्पी, बद्री प्रसाद गुप्ता, कैलाश चंद, वेद प्रकाश अग्रवाल, पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, पीयूष गोयल, रामकिशोर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल,राजकुमार अग्रवाल संजय गोयल, निशुल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सरील गोयल आदि शामिल थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत,दोस्त गंभीर

शांतिपूरी । बाइक खरीदने बरेली जा रहे युवक की बाइक असंतुलित होकर हाईवे पर रपट गई, जिससे युवक की मृत्यु हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका राममूर्ति अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूर्यनगर निवासी पुरोहित बसंत तिवारी का इकलौता 26 वर्षीय पुत्र राहुल बुधवार को अपने दोस्त किच्छा निवासी चित्रांश के साथ बरेली बाइक खरीदने जा रहा था। भोजीपुरा के आटा माटा के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने उन्हें बरेली के राममूर्ति अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि चित्रांश आइसीयू में भर्ती है। राहुल का शव बुधवार रात ग्राम सूर्यनगर लेकर स्वजन पहुंचे तो ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने परिवार के सदस्यों से फोन पर वार्ताकर दुख प्रकट कर शोक जताया। शोक जताने वालो में विनोद कोरंगा, पति प्रेम आर्य, आकाश मेहता, नारायण बिष्ट, उत्तराखंड ओलिंपिक संघ अध्यक्ष डा. डीके सिंह, दीपक देव, वक्रम मेहता, कुंदन दानू, जसविंदर सिंह, समाजसेवी खीम सिंह मेहता, दीपक मेहता, खड़क कोरंगा, प्रताप सिंह मेहता, विजय कोरंगा आदि शामिल थे।